**प्रतिदर्श प्रश्नपत्र (2023-24)**

**हिंदी (ब) कोड संख्या 085**

**कक्षा- दसवीं**

**सामान्य निर्देश-**

- इस प्रश्न पत्र के दो खंड हैं- खंड 'अ' और 'ब'।
- खंड 'अ' में उपप्रश्नों सहित 45 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 40 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
- खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं। आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए।
- दोनों खंडों में कुल 18 प्रश्न हैं।दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है
- यथासंभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

**खंड - अ (वस्तुपरक प्रश्न)**

**प्रश्न 1 -निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए-**

**(1×5=5)**

जनता के पास लोकतंत्र में चुनाव ही वह अस्त्र हुआ करता है जिसके द्वारा वह शासक दल और विरोधी दल दोनों पर अपने अंकुश और नियंत्रण लगाए रख सकती है, पर अपने इस अचूक अस्त्र के प्रयोग के लिए लोकतंत्रीय व्यवस्था वाले देशों में जनता का सभी प्रकार से जागरूक तथा सावधान होना बहुत आवश्यक हुआ करता है। सामाजिक, राजनीतिक आदि सभी पहलुओं से जागरूक जनता ही चुनाव के माध्यम से देश या प्रांतों के प्रशासन में ऐसे व्यक्तियों को भेज सकती है जो वास्तव में निहित स्वार्थों से ऊपर उठ कर जनसेवा के कार्यों

में रुचि रखने वाले हों, त्याग और बलिदान की भावना से भर कर जनता और राष्ट्रहित को ही सर्वोच्च मानने वाले हों और उनमें ऐसा सब कर सकने की शक्ति और क्षमता भी पूर्ण रूप से विद्यमान हो। इस जागरूकता और सावधानी के अभाव में चुनावों का नाटक और लोकतंत्र में खिलवाड़ बनकर रह जाया करते हैं। जनता के लिए यह आवश्यक है कि वह अपने प्रतिनिधि विवेक और ईमानदारी से चुने। इस चुनाव में जनता को जात-पात, अमीर-गरीब में फँसे बिना सच्चे प्रतिनिधि चुनने चाहिए जिससे लोकतंत्र सफल होगा।

i) जनता के पास लोकतंत्र में ऐसा कौन-सा हथियार होता है जिसके बल पर वह शासक दल और विरोधी दल पर अंकुश लगाए रख सकती है?

A) चुनाव

B) विवेक

C) ईमानदारी

D) लोकतंत्रीय व्यवस्था

ii) चुनाव के समय जनता के लिए क्या जरूरी है?

A) पक्षपाती होना

B) स्वार्थी होना

C) जागरूक व सर्तकता

D) अंकुश और नियंत्रण

iii) अच्छे शासक किसे सबसे ऊपर रखते हैं?

A) जात-पात को

B) राष्ट्रहित को

C) सफलता को

D) चुनाव को

iv) किसकी कमी के कारण लोकतंत्र खिलवाड़ बनकर रह जाया करता है?

A) धन-दौलत की कमी

B) प्रतिनिधित्व की कमी

C) शिक्षा की कमी

D) जागरूकता व सावधानी की कमी

v) कथन ( A ) लोकतंत्र के कारण शासक दल और विरोधी दल दोनों पर जनता अपना अंकुश और नियंत्रण लगाए रख सकती है ।

कारण ( R ) लोकतंत्र एक अस्त्र है ।

A) कथन ( A ) तथा कारण ( R ) दोनों गलत हैं ।

B) कथन ( A ) गलत है , लेकिन कारण ( R ) सही है ।

C) कथन ( A ) सही है , लेकिन कारण ( R ) उसकी गलत व्याख्या करता है ।

D) कथन ( A ) और कारण ( R ) दोनों सही हैं तथा कारण ( R ) , कथन ( A ) की सही व्याख्या करता है।

प्रश्न 2 -निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए- (1x5=5)

'नारी तुम केवल श्रद्धा हो, विश्वास रजत नग-पग तल में' कहकर जय शंकर प्रसाद ने नारी का सम्मान बढ़ाया है, परंतु वास्तविक नारी को इतना सम्मान कभी नहीं मिला है। भारतीय समाज में प्राचीन काल में नारी की दशा बड़ी आदरणीय थी। पुरातन युग में यह सिद्धांत प्रचलित था कि जहाँ नारी की पूजा होती है, वहाँ देवताओं का वास होता है, किंतु आज नारी की स्थिति ठीक उसके विपरीत है। यह अब केवल घर की आवश्यक सामग्री मात्र बनकर रह गई है। वह श्रद्धा के सुमन के स्थान पर जीवन की हाला बन गई है। राजा-महाराजाओं में पनपने वाली यह दहेज प्रथा की जोंक, आज मध्यम वर्ग को विशेष और सारे समाज को आक्रांत किए हुए है। पुरातन युग में जहाँ

मध्यमवर्गीय गृहस्थ गोदान से काम चला लेता था, वह अब 'दान' न होकर 'अर्थ दंड बन चुका है। जो दहेज पुरातन युग में कन्या पक्ष का कृतज्ञता का सूचक था, वह आज सामान्य गृहस्थों को नाकों चने चबवा रहा है। सच तो यह है कि दहेज की इस जोंक ने भारतीय समाज को चूस- चूसकर खोखला कर दिया है। इसके कारण काफ़ी क्षति उठानी पड़ रही है। इसके कारण ही धन लोलुपता बढ़ती जा रही है। इससे भारतीय समाज आर्थिक पतन की ओर अग्रसर हो रहा है। क़र्ज़दारी और आर्थिक भ्रष्टाचारों को बढ़ावा मिल रहा है। बेमेल विवाह इसी का दुष्परिणाम है।

i) 'नारी तुम केवल श्रद्धा हो, विश्वास रजत नग-पग तल में' प्रस्तुत पंक्ति नारी के प्रति जयशंकर प्रसाद का ——— दृष्टिकोण दर्शाता है-

(A) अपमानित

(B) सम्मानित

(C) अपेक्षित

(D) उपेक्षित

ii) 'आदरणीय' से तात्पर्य है-

(A) आदर के योग्य

(B) प्रेम के योग्य

(C) धन के योग्य

(D) संपत्ति के योग्य

iii) प्राचीन काल में वर पक्ष को कन्या पक्ष द्वारा दिया जाने वाला दहेज किसका सूचक था?

(A) कृतघ्नता का

(B) कृतज्ञता का

(C) सम्मान का

(D) ईमानदारी का

iv) बेमेल विवाह परिणाम हैं-

**(A) दहेज-प्रथा के**

**(B) आर्थिक पतन के**

**(C) भ्रष्टाचार के**

**(D) गोदान के**

**v) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।**

**कथन (A) दहेज के कारण धनलोलुपता बढ़ती जा रही है।**

**कारण (R) भारतीय समाज में नारी की दशा आदरणीय थी।**

**(A) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं ।**

**(B) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) गलत है।**

**(C) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।**

**(D) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं। कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।**

**प्रश्न 3- निम्नलिखित पदबंध मे से पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए: (1×4=4)**

**i) श्याम का बड़ा भाई संजय कल हमारे घर आया था। (इस वाक्य में से संज्ञा पदबंध छाँटिए)**

A. **हमारे घर**
B. **बड़ा भाई**
C. **श्याम का बड़ा भाई**
D. **आया था**

ii) **<u>उसके चरित्र से तुमने</u> कौन- सा उपदेश लिया। ( रेखांकित वाक्य में कौन- सा पदबंध है)**

A. **संज्ञा पदबंध**

B. **क्रिया विशेषण पदबंध**

C. **विशेषण पदबंध**

D. **सर्वनाम पदबंध**

**iii) कबूतर परेशानी में इधर- उधर फडफड़ा रहे थे। ( रेखांकित वाक्य मे कौन सा पदबंध है)**

A. **सर्वनाम पदबंध**

B. **विशेषण पदबंध**

C. **क्रिया विशेषण पदबंध**

D. **संज्ञा पदबंध**

**iv) तताँरा एक नेक और मददगार व्यक्ति था। (वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद है-)**

A. **क्रिया विशेषण पद बंध**

B. **संज्ञा विशेषण पद बंध**

C. **विशेषण पद बंध**

D. **सर्वनाम पद बंध**

**v) पदबंध किसे कहते हैं?**

A. **अर्थयुक्त पदों का समूह**

B. **पदों का समूह**

C. **जिन का स्वतंत्र प्रयोग होता है।**

D. **जिनका कोई अर्थ नहीं**

**प्रश्न 4- निर्देशानुसार रचना के आधार पर वाक्य भेद पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

**(1x4=4)**

**i) वर्षा होते ही चारों ओर पानी भर गया। (वाक्य का प्रकार बताइए)**

A. **सरल वाक्य**

B. **संयुक्त वाक्य**

C. **मिश्र वाक्य**

D. **विधानवाचक वाक्य**

**ii) निम्नलिखित वाक्यों में से मिश्र वाक्य को चिह्नित कीजिए-**

A. **रीना बहुत परेशान थी लेकिन उसने साहस नहीं छोड़ा।**

B. **क्योंकि रीना बहुत परेशान थी तो भी उसने साहस नहीं छोड़ा।**

C. **रीना ने परेशान होने पर भी साहस नहीं छोड़ा।**

D. **रीना परेशान थी तो भी उसने साहस नहीं छोड़ा।**

**iii) सूर्य निकला और प्रकाश हो गया। (रूपांतरित करने पर वाक्य का सरल रूप होगा-)**

A. **जैसे ही सूर्य निक्ला वैसे ही प्रकाश हो गया**

B. **सूर्य निकलते ही प्रकाश हो गया**

C. **जब सूर्य निकलता है तब प्रकाश होता है**

D. **क्योंकि सूर्य निकला इसलिए प्रकाश हो गया।**

**iv) 'एक ज़माना था कि लोग आठवाँ दरजा पास करके नायब, तहसीलदार हो जाते थे'।(रचना की दृष्टि से कौन- सा वाक्य है)**

A. **संयुक्त वाक्य**

B. **सरल वाक्य**

C. **विधान वाचक वाक्य**

D. **मिश्र वाक्य**

**(v) बाइबिल के सोलोमेन को कुरान में सुलेमान कहा गया है। (रूपांतरित करने पर वाक्य का मिश्र रूप होगा-)**

A. **बाइबिल के सोलोमेन हैं उन्हें कुरान में सुलेमान कहा गया है।**

B. **बाइबिल के सोलोमेन हैं और उन्हें कुरान में सुलेमान कहा गया है।**

C. बाइबिल के जो सोलोमेन हैं उन्हें कुरान में सुलेमान कहा गया है।

D. उपर्युक्त सभी सही हैं।

प्रश्न 5- निर्देशानुसार समास पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (1x4=4)

(i) 'यथासंभव' कौन-सा समास है?

A. द्वंद्व समास

B. द्विगु समास

C. अव्ययीभाव समास

D. तत्पुरुष समास

(ii) किस समस्तपद में बहुव्रीहि समास है?

A. नीलकंठ

B. महामंत्री

C. पंजाब

D. राजकुमार

(iii) द्विगु समास है -

A. शताब्दी

B. रसोईघर

C. राधा-श्याम

D. चंद्रमुखी

(iv) किस समास में पूर्व पद और उत्तर पद दोनों ही प्रधान होते हैं?

A. द्विगु

B. कर्मधारय

C. द्वंद्व

D. **अव्ययीभाव**

**(v) निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए-**

| **समस्तपद** | **समास** |
|---|---|
| **(i)गृहप्रवेश।** | **( i )द्वंद्व समास** |
| **(ii) साफ़ साफ़।** | **(ii)अव्ययीभाव** |
| **(iii) त्रिकोण।** | **(iii)तत्पुरुष** |
| **(i v)मृगलोचन।** | **(IV) बहुब्रीहि** |

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सी सही सुमेलित हैं -**

**(A) i और ii**

**(B) i और iii**

**(C) ii और iv**

**(D) iii और iv**

**प्रश्न 6- निर्देशानुसार मुहावरों पर आधारित छह बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (1x4=4)**

**(i) कारगिल के युद्ध में भारतीय सेना ने पाकिस्तानी सेना की--------- ।**

A. **ईंट से ईंट बजाना**

B. **तहस- नहस करना**

C. **आसमान सिर पर उठा लेना**

D. **अगर-मगर करना**

**(ii) मुहावरे और अर्थ के उचित मेल वाले विकल्प का चयन कीजिए-**

A. **गिरह बाँधना -मार डालना।**

B. **तलवार खींचना–नष्ट कर देना**

C. **पन्ने रंगना -व्यर्थ में लिखना**

D. **कदम उठाना – सामना करना**

**(iii) कोई दूसरा तुम्हारी प्रशंसा करे तो बात भी है, तुम तो ---------बने हुए हो।**

A. **अपना- सा मुँह लेकर रहना**

B. **अपने मुँह मियाँ मिट्ठू बनना**

C. **आँखें दिखाना**

D. **मुँह तोड़ जवाब देना**

**iv) लाल बहादुर शास्त्री ने प्रधानमंत्री के पद पर पहुँचकर सिद्ध कर दिया कि वे-----------**

A. **चेहरे पर हवाइयाँ उड़ाते हैं।**

B. **गुदड़ी का लाल**

C. **तिल का ताड़ बनाना**

D. **संघर्ष करते हैं**

**(v) विपत्ति में उसकी अक्ल-----------उपयुक्त मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए-**

A. **खो जाना**

B. **तुनक जाना**

C. **चकरा जाना**

D. **आगबबूला हो जाना**

**(vi) सच्चे शूरवीर देश की रक्षा में प्राणों की------------- हैं। रिक्त स्थान की पूर्ति सटीक मुहावरे से कीजिए :**

A. **बाजी लगा देते हैं।**

B. **जान लगा देते हैं।**

C. **ताकत लगा देते हैं।**

D. **आहुति दे देते हैं।**

प्रश्न 7- निम्नलिखित पठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए-- (1X5 =5 )

विचार लो कि मर्त्य हो न मृत्यु से डरो कभी,
मरो परन्तु यों मरो कि याद जो करें सभी।
हुई न यों सुमृत्यु तो वृथा मरे, वृथा जिए,
मरा नहीं वही कि जो जिया न आपके लिए।
वही पशु-प्रवृत्ति है कि आप-आप ही चरे
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे।।
उसी उदार की कथा सरस्वती बखानती ,
उसी उदार से धरा कृतार्थ भाव मानती।
उसी उदार की सदा सजीव कीर्ति कूजती,
तथा उसी उदार को समस्त सृष्टि पूजती ।
अखंड आत्मभाव जो असीम विश्व में भरे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे ।।

(i) कौन -सी बात विचार करने योग्य है ?

(A) मनुष्य मृत्यु से डरता है ।

(B) मनुष्य मरणशील है ।

(C ) मनुष्य शाश्वत है ।

(D ) मनुष्य उदार है ।

(ii) कवि ने पशु-प्रवृत्ति किसे कहा है ?

(A ) जो अपने खाने -पीने का ध्यान रखता है।

(B ) जो दूसरों के लिए जीता और मरता है ।

(C ) जो परोपकार करता है।

(D ) जो पशु बनकर घूमता रहता है।

(iii) किस प्रकार के मनुष्य की कीर्ति सदा गूँजती है और सारी सृष्टि उसकी पूजा करती है?

(A ) सच्चे मनुष्य की ।

(B ) विश्व में आत्मीयता का भाव भरने वाले मनुष्य की ।

(C) सुमृत्यु प्राप्त करने वाले मनुष्य की ।

(D ) सृष्टि में महान मनुष्य की ।

(iv) व्यक्ति की मृत्यु कैसी होनी चाहिए ?

(A ) उसके जाने के बाद सब सुख महसूस करें ।

(B ) उसके जाने के बाद सब उसके सत्कर्मों को याद करें ।

(C) उसकी मृत्यु पर सब शोक सभा करें ।

(D) उसकी मृत्यु पर सब दुख महसूस करें ।

(v) इस पद्यांश का संदेश क्या नहीं है ?

(A) हमें सुमृत्यु को प्राप्त करना चाहिए।

(B) हमें पशु- प्रवृत्ति से ऊपर उठना चाहिए।

(C) हमें मनुष्य जीवन को सार्थक बनाना चाहिए।

(D) हमें अपने लिए जीना चाहिए।

प्रश्न 8- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए- (I X 2 =2)

(i) मीठी वाणी बोलने से क्या प्राप्त होता है?

(A ) अपने तन को सुख और औरों को शीतलता ।

(B ) औरों को सुख और अपने तन को शीतलता ।

(C) अपने को सुख और शीतलता ।

(D ) औरों को सुख और शीतलता ।

**(ii) मेखलाकार पर्वत अपार' - यह पंक्ति क्या दर्शा रही है?**

**(A ) पर्वतों पर लगे ऊँचे-ऊँचे वृक्ष ।**

**(B ) दूर तक फैले पर्वतों का गोल आकार।**

**(C) पर्वतों का विशाल आकार।**

**(D) पर्वतों के चरणों में पला विशाल तालाब।**

प्रश्न 9- निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए-

(1x5=5)

हमारी फ़िल्मों की सबसे बड़ी कमज़ोरी होती है,— लोकतत्व का अभाव । वे जिंदगी से दूर होती हैं। यदि त्रासद स्थितियों का चित्रांकन होता है तो उन्हें ग्लोरीफ़ाई किया जाता है। दुख का ऐसा वीभत्स रूप प्रस्तुत होता है जो दर्शकों का भावनात्मक शोषण कर सके। और 'तीसरी क़सम' की यह ख़ास बात थी कि वह दुख को भी सहज स्थिति में,जीवन सापेक्ष प्रस्तुत करती है। मैंने शैलेंद्र को गीतकार नहीं,कवि कहा है।वे सिनेमा की चकाचौंध के बीच रहते हुए यश और धन-लिप्सा से कोसों दूर थे। जो बात उनकी ज़िंदगी में थी वहीं उनके गीतों में भी।उनके गीतों में सिर्फ़ करुणा नहीं,जूझने का संकेत भी था और वह प्रक्रिया भी मौजूद थी जिसके तहत अपनी मंज़िल तक पहुँचा जाता है। व्यथा आदमी को पराजित नहीं करती, उसे आगे बढ़ने का संदेश देती है।

(i) हमारी फ़िल्मों की सबसे बड़ी कमज़ोरी क्या है ?

(A) धन का अभाव

(B) समय का अभाव

(C) लोकतत्व का अभाव

(D) साज-सज्जा का अभाव

(ii) फ़िल्में किससे दूर होतीं हैं

(A) गाँवों से (B) शहरों से

(C) ज़िंदगी से (D) देश दुनियाँ से

(iii) फ़िल्मों में दुख का कैसा रूप प्रस्तुत किया जाता है ?

(A) सुंदर (B) वीभत्स

(C) करुण (D) हिंसक

(iv) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए—

कथन (A) मैंने शैलेंद्र को गीतकार नहीं, कवि कहा है।
कारण (R) वे सिनेमा की चकाचौंध में उलझे हुए थे।
(A) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों ग़लत हैं ।
(B) कथन (A) ग़लत है, लेकिन कारण (R) सही है।
(C) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।
(D) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(v) प्रस्तुत गद्यांश में शैलेंद्र को क्या कहा गया है?
(A) राजनेता (B) पंडित
(C) कवि (D) किसान

प्रश्न 10- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए- (1X2=2)
(i) निम्नलिखित में से कौन से वाक्य 'बड़े भाई साहब' से मेल खाते हैं—
(i) इम्तिहान पास कर लेना कोई चीज़ नहीं,असल चीज़ है बुद्धि का विकास।
(ii) बुनियाद ही पुख़्ता न हो,तो मकान कैसे पायेदार बने।
(iii) आज के ही दिन सारे हिन्दुस्तान में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया था ।
(iv) रामू नाम का एक युवक सेठ लक्ष्मीनारायण के यहाँ काम करता था ।
(A ) केवल (i)
(B) केवल (iv)
(C) (i) और (ii)
(D) (i) और (iii)

(ii) तताँरा अचंभित होने के साथ-साथ रोमांचित भी था, क्यों?
(A) उबाऊ दिन के कारण
(B) वामीरो की प्रतीक्षा के कारण
(C) दिन ढलने के कारण
(D) अपने गंभीर और शांत जीवन के कारण

## खंड-ब (वर्णनात्मक प्रश्न)

प्रश्न 11 - निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए- (3x2=6)

i) शैतान और शाहेरूम के अहंकार का क्या परिणाम हुआ ? 'बड़े भाई साहब' पाठ के आधार पर अहंकार के क्या दुष्परिणाम होते हैं, अपने विचारों द्वारा स्पष्ट कीजिए।

ii) तताँरा और वामीरो का संबंध संभव क्यों नहीं था ? तताँरा वामीरो कथा पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

iii) सुभाष बाबू के जुलूस में स्त्री समाज की क्या भूमिका थी ? 'डायरी का एक पन्ना' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

प्रश्न 12- निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए - (3X2=6 )

(i) विरासत में मिली चीजों की बड़ी सँभाल क्यों होती है?
(ii) 'हरि आप हरो जन री भीर—-´ पद में मीरा ने किन- किन पर की गई कृपा को स्मरण करके हरि से अपनी पीड़ा हरने की विनती की है ?
(iii) कबीर और मीरा की भक्ति का तुलनात्मक विश्लेषण कीजिए ।

प्रश्न 13- निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए - (3X2=6)

i) 'हरिहर काका' पाठ के आधार पर बताइए कि धर्म के नाम पर किस तरह साधारण जन की भावनाओं से खेला जाता है?
ii) 'हरिहर काका' को अपने जीवन में पारिवारिक संबंधों और धार्मिक संस्थाओं को लेकर कई अनुभव हुए। उनके इन अनुभवों से हमें क्या सीख मिलती है?
iii) 'हरिहर काका' ने अपने भाइयों तथा महंत के क्रूरतापूर्ण व्यवहार के बाद क्या निर्णय लिया? यदि आप इस स्थिति में होते तो आपकी क्या प्रतिक्रिया होती? तर्क सहित उत्तर लिखिए।

**प्रश्न 14- निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। (5x1=5)**

**i) प्रकृति की रक्षा, हमारा दायित्व**

**• मनुष्य प्रकृति का अंग**

**• प्रकृति से खिलवाड़**

**• प्रकृति के प्रति हमारा दायित्व**

**ii) मेक इन इंडिया**

**• उक्ति का अर्थ**

• भारत-उद्यमी देश

• विकास की ओर अग्रसर

iii) पराधीन सपनेहुँ सुख नाहीं

• स्वतंत्रता जन्म सिद्‌ध अधिकार

• स्वतंत्रता सभी को प्रिय

• पराधीनता एक अभिशाप

प्रश्न 15 - (1) आप अंकित / अंकिता हैं। स्वास्थ्य ठीक न होने के कारण प्रीबोर्ड परीक्षा में उपस्थित होने की असमर्थता जताते हुए प्रधानाचार्या जी को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए।

(5x1=5)

अथवा

(2) भारतीय समाज में महिलाओं पर बढ़ती अपराध की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए किसी दैनिक अखबार के संपादक को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए।

प्रश्न 16 - (1) आपके क्षेत्र में मच्छरों को मारने की दवा का छिड़काव लगातार तीन दिन तक होने वाला है। क्षेत्र वासियों को उस समय बाहर न निकलने व सावधान रहने की सलाह देते हुए सचिव की ओर से लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए। (4x1=4)

अथवा

(2) गर्मी की छुट्टियों में आपके विद्यालय की ओर से गरीब बच्चों के लिए निःशुल्क जूडो-कराटे प्रशिक्षण का प्रावधान रखा गया है। इससे संबंधित जानकारी देते हुए लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए।

प्रश्न 17 - (1) सुधा डेयरी के दुग्ध- उत्पादों के लिए लगभग 40 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए। (3×1=3)

अथवा

(2) आप अपना पुराना लैपटॉप बेचना चाहते हैं। इसके लिए लगभग 40 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

प्रश्न 18 - (1) 'परिश्रम का फल ' शीर्षक पर आधारित एक लघु कथा लगभग 100 शब्दों में लिखिए। (5×1=5)

अथवा

(2) विद्यालय की ओर से उन अभिभावकों को आगाह करने हेतु ई-मेल तैयार कीजिए जिनके बच्चों की विद्यालय में उपस्थिति 70 प्रतिशत से कम है।

**प्रतिदर्श प्रश्नपत्र (2023-24)**

**हिंदी (ब) कोड संख्या 085**

**कक्षा- दसवीं**

**निर्धारित समय - 3 घंटे** **पूर्णांक - 80**

**सामान्य निर्देश-**

- **इस अंक योजना का उद्देश्य मूल्यांकन को अधिकाधिक वस्तुनिष्ठ बनाना है। इस प्रश्नपत्र में वस्तुपरक एवं वर्णनात्मक प्रश्न हैं। अतः अंक योजना में दिए गए वर्णनात्मक प्रश्नों के उत्तर-बिंदु अंतिम नहीं है। यह सुझावात्मक एवं सांकेतिक हैं।**
- **यदि परीक्षार्थी इन सांकेतिक बिंदुओं से भिन्न,किंतु उपयुक्त उत्तर दें तो उन्हें अंक दिए जाएँ।**
- **समान त्रुटियों के लिए स्थान-स्थान पर अंक न काटे जाएँ।**
- **गुणवत्तापूर्ण,सटीक उत्तर पर शत-प्रतिशत अंक देने में किसी प्रकार का संकोच न किया जाए।**
- **मूल्यांकन में 0 से 100 प्रतिशत अंकों का पैमाना स्वीकार्य है।**
- **मूल्यांकन कार्य निजी व्याख्या के अनुसार नहीं, बल्कि अंक योजना के निर्देशानुसार ही किया जाए।**

**खंड - अ (वस्तुपरक प्रश्न )**

**प्रश्न 1 - अपठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न (1X5=5)**

**i) A) चुनाव**

**ii) C) जागरूक व सर्तकता**

**iii) B) राष्ट्रहित को**

**iv) D) जागरूकता व सावधानी की कमी**

**v) C) कथन ( A ) सही है , लेकिन कारण ( R ) उसकी गलत व्याख्या करता है ।**

**प्रश्न 2 - अपठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न (1X5=5)**

**i) (B) सम्मानित**

**ii) (A) आदर के योग्य**

**iii) (B) कृतज्ञता का**

**iv) (A) दहेज-प्रथा के**

**v) (C) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।**

**प्रश्न 3- पदबंध मे से पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए:**

(1×4=4)

**i) (C) श्याम का बड़ा भाई**

**ii) (C) विशेषण पदबंध**

**iii) (C)क्रिया विशेषण पदबंध**

**iv) (C)विशेषण पदबंध**

**v) (A)अर्थयुक्त पदों का समूह**

**प्रश्न 4- रचना के आधार पर वाक्य भेद पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

**(1×4=4)**

**i) (A)सरल वाक्य**

**ii) (B)क्योंकि रीना बहुत परेशान थी तो भी उसने साहस नहीं छोड़ा**

**iii) (B) सूर्य निकलते ही प्रकाश हो गया**

**iv) (D)मिश्र वाक्य**

**v) (C)बाइबल के जो सोलोमन हैं, उन्हें कुरान में सुलेमान कहा गया है।**

**उत्तर 5- समास पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

**(1x4=4)**

**i) (C)अव्ययीभाव**

**ii) (A)नीलकंठ**

iii) (A) शताब्दी

iv) (C) द्वंद्व

v) (C) ii और iv

उत्तर 6- मुहावरों पर आधारित छह बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए-
(1x4=4)

i) (A) ईंट से ईंट बजाना

ii) (C) पन्ने रंगना _व्यर्थ में लिखना

iii) (B)अपने मुंह मियां मिट्ठू बनना

iv) (B) गुदड़ी का लाल

v) (C) चकरा जाना

vi) (A)बाजी लगा देते हैं

उत्तर 7- पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए- (1X5 =5)

i) B मनुष्य मरणशील है ।

ii) A जो अपने खाने -पीने का ध्यान रखता है।

iii) B विश्व में आत्मीयता का भाव भरने वाले मनुष्य की ।

iv) B उसके जाने के बाद सब उसके सत्कर्मों को याद करें।

v) D हमें अपने लिए जीना चाहिए।

उत्तर 8- प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए- (I X2 =2)

1. B औरों को सुख और अपने तन को शीतलता ।

2. B दूर तक फैले पर्वतों का गोल आकार।

उत्तर 9- निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए- (1x5=5)

**(i) (C)लोकतत्व का अभाव**

**(ii) (C) ज़िंदगी  से**

**(iii) (B) वीभत्स**

**(iv)(C) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी ग़लत व्याख्या करता है ।**

**(v)(C) कवि**

**प्रश्न 10-  निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए- (1X2=2)**

**(1)(C) (i) और (ii)**

**(2) (B) वामीरो की प्रतीक्षा के कारण**

## खंड-ब (वर्णनात्मक प्रश्न)

**प्रश्न 11- निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए-** (3x2=6)

i)

- **बड़े भाई साहब ने शैतान और शाहेरूम के विषय में छोटे भाई को बताया**
- **शैतान को यह अनुमान हुआ था कि ईश्वर का उससे बढ़कर सच्चा भक्त कोई है ही नहीं।**
- **स्वर्ग से नरक में ढकेल दिया गया।**
- **शाहेरूम ने भी एक बार अहंकार किया था।**
- **भीख माँग-माँग कर मर गया।**

  **अहंकार के दुष्परिणाम - विद्यार्थियों की स्वतंत्र अभिव्यक्ति**

ii)

- **तताँरा और वामीरो का संबंध इसलिए संभव नहीं था**
- **उनके समाज में एक रूढ़ि के अनुसार दोनों का एक ही गाँव का होना आवश्यक था ।**
- **दोनों अलग गाँव के थे।**
- **तताँरा पासा गाँव का था तथा वामीरो लपाती गाँव की थी।**

(iii)

- **सुभाष बाबू के जुलूस में स्त्री समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही थी।**
- **भारी पुलिस व्यवस्था के बाद ही जगह-जगह स्त्री जुलूस के लिए टोलियाँ बन गईं थीं।**
- **मोनूमेंट पर भी स्त्रियों ने निडर होकर झंडा फहराया, अपनी गिरफ्तारियाँ करवाईं**
- **उन पर लाठियाँ भी बरसाईं गईं।**
- **इन सबके बाद भी स्त्रियाँ लाल बाज़ार तक आगे बढ़ती गईं।**

**प्रश्न 12. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए-** (3X2=6 )

i)

- **पूर्वजों की धरोहर**
- **किसी ऐतिहासिक घटना या व्यक्ति के साथ जुड़ाव**
- **नई पीढ़ी को प्रेरणा**

ii)

- **द्रोपदी का चीर बढ़ाकर**
- **प्रह्लाद की रक्षा करके**
- **डूबते गजराज को बचाकर**

iii)

- **कबीर निर्गुण भक्तिधारा के कवि हैं।**
- **मीरा सगुण भक्ति धारा की कवयित्री हैं।**
- **मीरा सगुण साकार कृष्ण की उपासना करती हैं।**
- **कबीर बाह्य आडंबरों /धार्मिक आडंबरों का विरोध करते हैं।**

प्रश्न 13- किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए - (3X2=6)

i)

- लोगों की धार्मिक आस्था व विश्वास से खिलवाड़
- धर्म के ठेकेदारों का लोगों से पैसा हड़पना, हिंसा पर उतर आना
- हरिहर काका को बहला-फुसलाकर बंधक बनाना व जबरदस्ती अंगूठे के निशान लेना

ii)

- संबंधों में किसी प्रकार का लालच या स्वार्थ न आने देना
- परिवार में एक दूसरे के प्रति विश्वास बनाए रखना
- जीते जी अपनी जायदाद किसी और के नाम न करना

● राजनैतिक बहकावे में न आना
iii)
● हरिहर काका ने ज़मीन को अपने पास रखने का निर्णय लिया तथा अपनी देखभाल करने के लिए एक सेवक भी रखा।
● प्रश्न के दूसरे भाग के लिए छात्रों के स्वतंत्र विचार मान्य

14) **किसी एक विषय पर संकेत-बिंदुओं के आधार पर अनुच्छेद लेखन :** **(5)**

- **विषय-वस्तु - 3 अंक**
- **भाषा - 1 अंक**
- **प्रस्तुति - 1 अंक**

**15) किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लेखन : (5)**

- **आरंभ व अंत की औपचारिकताएँ - 1 अंक**
- **विषय-वस्तु - 2 अंक**
- **भाषा - 1 अंक**

**प्रस्तुति - 1 अंक**

**16) किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लेखन : (4)**

- **विषय-वस्तु - 2 अंक**
- **प्रस्तुति - 1 अंक**
- **भाषा - 1 अंक**

**17) किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन: (3)**

- **विषय-वस्तु - 1 अंक**
- **प्रस्तुति - 1 अंक**
- **भाषा - 1 अंक**

**18) लगभग 100 शब्दों में लघुकथा अथवा ई-मेल लेखन: (5)**

**लघुकथा लेखन –**

- **विषय-वस्तु - 3 अंक**

- **भाषा - 1 अंक**
- **प्रभाव - 1 अंक**

**अथवा**

**ई-मेल लेखन – (5)**

- **औपचारिकताएँ - 1 अंक**
- **विषय-वस्तु - 2 अंक**
- **प्रस्तुति - 1 अंक**
- **भाषा - 1 अंक**